- औद्योगिक सुरक्षा दिवस

नेपा मिल के कर्मचारियों को दिलाई शपथ

# सुरक्षा न केवल संयंत्रों में हमारे दैनिक जीवन में भी आवश्यक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में शून्य दुर्घटना के संकल्प के साथ औद्योगिक सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि राम अलागेसन ने कार्य के दौरान कड़ाई से सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए कहा कि सुरक्षा न केवल औद्योगिक संयंत्रों में हमारे दैनिक जीवन में भी जरूरी है।



नेपा कर्मी को दिलाई शपथ।



कार्य के दौरान दुर्घटना का जरा सा भी अंदेशा होने पर अपने साथी कर्मचारियों अथवा रिपोर्टिंग अधिकारी से तत्काल संवाद स्थापित करना चाहिए। संवादहीनता और कार्य के प्रति लापरवाही बड़ी दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण देती हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे द्वारा औद्योगिक सुरक्षा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए दुनिया की सबसे वीभत्स औद्योगिक दुर्घटना भोपाल गैस त्रासदी का जिक्र करते हुए बताया कि 2 और 3 दिसंबर 1984 की मध्य रात में एक जरा सी लापरवाही ने असमय 16 हजार लोगों को मौत की नींद सुला दिया था जिसका खामियाजा वर्तमान में तीसरी और चौथी पीढ़ी तक को शारीरिक और मानसिक विकार झेलकर भुगतना पड़ रहा है। औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल द्वारा उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा संकल्प दिलाकर कार्यस्थल को स्वच्छ, सुंदर और दुर्घटनामुक्त रखने की सलाह दी गई।

## नुक्कड़ नाटक मंचन

नेपानगर जागृति कला केंद्र के निदेशक मुकेश दरबार और उनकी टीम द्वारा खुद की सुरक्षा सबकी सुरक्षा शीर्षक थीम पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण व संबंध किशोर महाजन, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव रविशंकर पवार और सह सचिव संजय पवार उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 05-12-2023

भोपाल गैस त्रासदी • 1984 की रात छोटी सी लापरवाही ने असमय 16 हजार लोगों को मौत की नींद सुला दिया था

# कर्मचारियों को सावधानी से काम करने के लिए किया प्रेरित

### नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना लक्ष्य के साथ मनाया गया औद्योगिक सुरक्षा दिवस

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में शून्य दुर्घटना के संकल्प के साथ औद्योगिक सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन द्वारा कार्य के दौरान कड़ाई से सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए कहा कि सुरक्षा न केवल औद्योगिक संयंत्रों में हमारे दैनिक जीवन में अति आवश्यक है। कार्य के दौरान दुर्घटना का जरा सा भी अंदेशा होने पर अपने साथी कर्मचारियों या रिपोर्टिंग अधिकारी से तत्काल संवाद स्थापित करना चाहिए। संवादहीनता और कार्य के प्रति लापरवाही बड़ी दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण देती हैं।



औद्योगिक सुरक्षा को लेकर नाटक का मंचन किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे द्वारा औद्योगिक सुरक्षा दिवस मनाए जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए दुनिया की सबसे वीभत्स औद्योगिक दुर्घटना भोपाल गैस त्रासदी का जिक्र करते हुए बताया कि 2 और 3 दिसंबर 1984 की मध्य रात में एक जरा सी लापरवाही ने असमय 16 हजार लोगों को मौत की नींद सुला दिया था। जिसका खामियाजा वर्तमान में तीसरी और चौथी पीढ़ी तक को शारीरिक और मानसिक विकार झेलकर भुगतना पड़ रहा है। औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल द्वारा उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा संकल्प दिलाकर कार्यस्थल को स्वच्छ, सुंदर और दुर्घटनामुक्त रखने की सलाह दी गई। उपस्थित श्रम शक्ति को संबोधित करते हुए पटेल द्वारा सुरक्षा को प्राथमिकताओं में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कोई भी काम करो उद्योग हो या घर पर ही क्यों न हो, सुरक्षा के प्रति सचेत रहे अन्यथा एक गलती जिंदगी बदल देती है। सचेत और सुरक्षित कार्य करके आदर्श और दुर्घटना शून्य औद्योगिक वातावरण बनाना यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सुरक्षा नारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम पुरस्कार सहायक अधिकारी वाणिज्य विभाग एसके राव, द्वितीय पुरस्कार कनिष्ठ अधिकारी वाणिज्य विभाग संगीता लाल व तृतीय पुरस्कार तकनीकी सहायक परिवहन विभाग ईशान व्यास को दिया गया।

### नुक्कड़ नाटक का किया मंचन

इस अवसर पर नेपानगर जागृति कला केंद्र के निदेशक मुकेश दरबार और उनकी टीम द्वारा खुद की सुरक्षा सबकी सुरक्षा थीम पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इस दौरान महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमन कानफाड़े वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण व संबंध किशोर महाजन, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव रविशंकर पवार, सह सचिव संजय पवार सहित अन्य मौजूद थे।

**आयोजन** नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना के संकल्प के साथ औद्योगिक सुरक्षा दिवस मनाया

# सतर्कता ही सुरक्षा का उपाय है, घटना होने पर तत्काल जानकारी दें

**नईदुनिया संजय चौहान 9406689018**



नेपा लिमिटेड में आयोजित औद्योगिक सुरक्षा दिवस के मौके पर नुक्कड़ नाटक से शून्य दुर्घटना पर दिया जोर।

नेपानगर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देव के मार्गदर्शन में सोमवार को शून्य दुर्घटना के संकल्प के साथ औद्योगिक सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी राम अलागेसन ने सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए कहा कि सुरक्षा न केवल औद्योगिक संयंत्रों में अपितु हमारे दैनिक जीवन में अति आवश्यक हैं। कार्य के दौरान दुर्घटना का अंदेशा होने पर अपने साथी कर्मचारियों अथवा रिपोर्टिंग अधिकारी को तत्काल सूचना देने की बात कही। कार्य के प्रति लापरवाही बड़ी दुर्घटनाओं को निमंत्रण देती हैं। उन्होंने सतर्कता को ही सुरक्षा का उपाय बताया है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि 1984 में दो और तीन दिसंबर को लापरवाही से भोपाल गैस त्रासदी हुई थी। इसमें 16 हजार मौतें हुई थीं। इसका असर तीसरी और चौथी पीढ़ी भी भुगत रही है। औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा संकल्प दिलाकर कार्यस्थल को स्वच्छ, सुंदर और दुर्घटना मुक्त रखने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया सुरक्षा में गलती जिंदगी बदल देती है। सुरक्षित कार्य से दुर्घटना को शून्य में बदला जा सकता है।

**इन कर्मचारियों को किया पुरस्कृत :** कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा नारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार एसके राव (सहायक अधिकारी वाणिज्य विभाग), द्वितीय पुरस्कार संगीता लाल (कनिष्ठ अधिकारी वाणिज्य विभाग) तथा तृतीय पुरस्कार ईशान व्यास (तकनीकी सहायक परिवहन विभाग) को दिया गया है। कार्यक्रम पर जागृति कला केंद्र द्वारा खुद की सुरक्षा सबकी सुरक्षा थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, महेंद्र केसरी, किशोर महाजन, रविशंकर पवार और सहसचिव संजय पवार सहित अफसरकर्मी उपस्थित थे।

# नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना लक्ष्य के साथ मनाया गया औद्योगिक सुरक्षा दिवस

**मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि राम अलागेसन ने कहा सुरक्षा न केवल औद्योगिक संयंत्रों में अपितु, हमारे दैनिक जीवन में अति आवश्यक हैं**

**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में शून्य दुर्घटना के संकल्प के साथ औद्योगिक सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तकनीकि राम अलागेसन द्वारा कार्य के दौरान कड़ाई से सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करने की सलाह देते हुएं कहा कि सुरक्षा न केवल औद्योगिक संयंत्रों में अपितु, हमारे दैनिक जीवन में अति आवश्यक हैं। कार्य के दौरान दुर्घटना का जरासा भी अंदेशा होने पर अपने साथी कर्मचारियों अथवा रिपोर्टिंग अधिकारी से तत्काल संवाद स्थापित करना चाहिए। संवादहीनता और कार्य के प्रति लापरवाही बड़ी दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण देती हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे द्वारा औद्योगिक सुरक्षा दिवस मनाएं जाने की ऐतिहासिक



पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुएं दुनिया की सबसे वीभत्स औद्योगिक दुर्घटना भोपाल गैस त्रासदी का जिक्र करते हुएं बताया कि 2 और 3 दिसंबर, 1984 की मध्य रात्रि में एक जरासी लापरवाही ने असमय 16 हजार लोगो को मौत की नींद सुला दिया था जिसका खामियाजा वर्तमान में तीसरी और चौथी पीढ़ी तक को शारीरिक और मानसिक विकार झेलकर भुगतना पड़ रहा हैं। औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी किशन पटेल द्वारा उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा संकल्प दिलाकर कार्यस्थल को स्वच्छ, सुंदर और दुर्घटनामुक्त रखने की सलाह दी गई। उपस्थित श्रमशक्ति को संबोधित करते हुए पटेल द्वारा सुरक्षा को प्राथमिकताओं में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कोई भी काम करो, उद्योग हो या घर पर ही क्यों न हो, सुरक्षा के प्रति सचेत रहें अन्यथा एक गलती जिंदगी बदल देती है। अतः सचेत और सुरक्षित कार्य करके आदर्श और दुर्घटना शून्य आद्योगिक वातावरण बनाना यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी हैं। इस अवसर पर सुरक्षा नारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम पुरस्कार एसके राव, सहायक अधिकारी वाणिज्य विभाग, द्वितीय पुरस्कार संगीता लाल, कनिष्ठ अधिकारी वाणिज्य विभाग तथा तृतीय पुरस्कार ईशान व्यास, तकनीकी सहायक परिवहन विभाग को प्रदान किया गया। इस अवसर पर नेपानगर जागृति कला केंद्र के निदेशक मुकेश दरबार और उनकी टीम द्वारा खुद की सुरक्षा, सबकी सुरक्षा शीर्षक थीम पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमन कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, प्रबंधक श्रम कल्याण एवं संबंध किशोर महाजन, नेपा मिल श्रमिक संघ के प्रधान सचिव रविशंकर पवार और सह सचिव संजय पवार सहित अफसर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संदीप ठाकरे द्वारा किया गया।